

## रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर

**खंडवा।** रेडक्रॉस सोसायटी, जिला खंडवा के सानिध्य में कल राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम में स्वच्छता ही सेवा के भाव से सदस्यों द्वारा पूरे परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर सचिव भानु भाई पटेल ने कहा कि स्वच्छता हेतु किये गये छोटे प्रयास भी बड़ा परिवर्तन लाते है,और मुक्तिधाम जैसे स्थान की स्वच्छता करना पुण्यदायी कार्य है। रेडक्रास समिति के स्वच्छता और पर्यावरण प्रभारी एच आर पांडेय और धर्मेंद्र जौहरी ने बताया कि निकट भविष्य में मुक्तिधाम में निरंतर स्वच्छता के साथ एक बगीचे का विकास रेडक्रॉस द्वारा किया जाएगा। अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आज पंधाना के खण्डवा ऑयल्स साल्वेंट प्लांट के डायरेक्टर संजय श्री श्रीमाल के मार्गदर्शन में प्रबंधक श्री लुनिया जी सहित पूरे स्टाफ के सहयोग से सीलटिया में रक्तदान का शिविर सम्पन्न हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में प्लांट के स्टाफ और प्रबंधन ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस चैयरमेन अखिलेशजी गुप्ता ने कहा कि रक्त कृत्रिम रूप से बनाया नही जा सकता,यह केवल दान किया जा सकता है और आपका किया रक्तदान किसी के जीवन को बचा सकता है। अंत मे आभार वाईस चैयरमेन आशीष अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । इस अभियान में कोषाध्यक्ष विजय जी आर्य, कार्यसमिति सदस्य,रविन्द्र सिंह जी,सनतजी श्रीमाली,जम्बू जैन, योगेश कोटवाले ,प्रेमनारायणजी पिपलोनिया सहित रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## जयपुर में एक वर्ष में तैयार हुई भगवान संभवनाथ की प्रतिमा, कल खंडवा में गर्भगृह प्रवेश



**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा नगर में इन्दौर रोड स्थित कॉलोनी तुलसी हाईटेक सिटी में नव-निर्मित शिखरबद्ध श्री संभवनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में जैन समाज के तीसरे तीर्थंकर परमात्मा श्री संभवनाथ भगवान के मूल गर्भगृह प्रवेश (प्रतिष्ठा)का पावन पर्व कल 28 फरवरी शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सकल जैन समाज उपस्थित रहेगा। कार्यक्रम आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वरजी म.सा. के मार्ग दर्शन एवम् प्रेरणा से तथा आचार्य भगवंत श्री आनंदसागर सूरिश्वरजी म.सा. समुदाय की साध्वी श्री नम्रव्रता श्रीजी मा.सा., साध्वी श्री मग्नव्रता मा.सा., साध्वी श्री मीतव्रता मा. सा.आदि भगवंतों की शुभनिश्रा में सम्पन्न होगा।महोत्सव के संचालक श्री मनोजकुमार बाबूलालजी हिरण (सिरोही, राजस्थान.) रहेंगे । श्वेताम्बर जैन समाज के प्रचार मंत्री चंद्र कुमार सांड ने बताया कि श्री संभावनाथ परमात्मा का मूल गंभारा प्रवेश शनिवार 28 फरवरी को होगा। शनिवार सुबह ठीक 8:00 बजे घासपूरा स्थित नमीनाथ मंदिर से संभवनाथ मंदिर मां तुलसी हाइटेक सिटी इंदौर रोड प्रस्थान करेंगे। यहां से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 9:00 बजे स्नात्र पूजा, 9:00 से 10:00 बजे नवकारशी, 10:00 बजे नवग्रहादिक पाठ पूजन एवं लाभार्थियों का बहुमान तथा 10:30 बजे शुभ मुहूर्त में जिनालय के गर्भगृह में प्रवेश विधि सम्पन्न होगी। दोपहर 12:00 बजे साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन रखा गया है । भगवान संभवनाथ की मूर्ति सफेद मार्बल से राजस्थान के जयपुर में तैयार हुई । इस मूर्ति को बनाने में पूरा एक वर्ष लगा। घासपुरा स्थित नमीनाथ मंदिर में संभवनाथ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और समाज जन विजय जैन रोहित मेहता नवीस बोथरा चंद्र कुमार सांड दर्शन वेद सुनील जैन आदि ने गुरुवार शाम को पूजन आरती की। शनिवार सुबह जैन समुदाय के तीसरे तीर्थंकर संभावनाथ भगवान की मूर्ति को भव्य शोभा यात्रा के साथ संभावनाथ मंदिर ले जाया जाएगा।

# पानी आया, पर वक्त गलत! नेपानगर में हर घर जल योजना बनी परेशानी की जड़

### 19 वार्डों में नल, 5 अब भी नेपा मिल्स पर निर्भर, दोपहर 3 बजे सप्लाई से महिलाएं परेशान, शिकायत कहां करें इसे लेकर भी भ्रम

**नेपानगर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना ने नेपानगर के 24 वार्डों में से 19 वार्डों में नए नल कनेक्शन देकर बड़ी उपलब्धि तो हासिल कर ली है, लेकिन जल आपूर्ति का समय और व्यवस्था अब जनअसंतोष का कारण बनती जा रही है। शेष 5 वार्डों में अब भी नेपा मिल्स की जल आपूर्ति जारी है, जहां एक दिन के अंतराल में पानी दिया जा रहा है। विगत समय मिल प्रबंधन द्वारा जारी पत्र अनुसार नियमित सप्लाई संभव नहीं है, जो हर वर्ष गर्मी के नजदीक आते ही सामने आती रही है।



**दोपहर 3 बजे पानी: सुविधा नहीं, मजबूरी–** नगर के कई वार्डों में दोपहर लगभग 3 बजे पानी छोड़ा जा रहा है, जो नागरिकों विशेषकर महिलाओं के लिए गंभीर असुविधा का कारण बन रहा है। इस समय महिलाएं घरेलू काम, मजदूरी या बच्चों की देखरेख में व्यस्त रहती हैं, तेज धूप के कारण पानी भरना कठिन होता है नतीजा यह कि पानी घरों में संग्रहित होने के बजाय सड़कों और नालियों में बह जाता है। कहीं पाइप लाइन टूटी, कहीं समय पर बंद नहीं, बेसमय जलापूर्ति के चलते कई स्थानों पर ऊपरी सतह पर पाइप लाइन टूट चुकी है कहीं टोटियां समय पर बंद नहीं हो पातीं जिससे कीमती पानी का अपव्यय खुलेआम हो रहा है। महिलाओं में नाराज़गी, पर शिकायत कहां करें? नगर की महिलाओं और नागरिकों का कहना है कि समस्या है, लेकिन हमें यह ही नहीं पता कि इसकी शिकायत कहां करें। नगर पालिका, पीएचई या किसी और विभाग कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस समस्या के निराकरण के लिए शिकायत की प्रक्रिया को लेकर नागरिकों में भारी भ्रम है।

**समाधान की जिम्मेदारी किसकी–** नागरिको को नहीं मालूम कि शिकायत किस विभाग में दर्ज होगी, सुनवाई कौन करेगा और समाधान की जिम्मेदारी किसकी है केंद्र की योजना, स्थानीय स्तर पर जवाबदेही गायब हर घर जल योजना केंद्र सरकार की योजना है, जिसकी उपलब्धियों को देशभर में सराहा गया है। इस योजना को दिल्ली स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है, जहां इसे सफल क्रियान्वयन और जल पहुंच बढ़ाने के लिए पुरस्कार मिला है। लेकिन नेपानगर में यही योजना समन्वय और निगरानी की कमी के कारण जनसमस्या का रूप लेती दिख रही है।

### एक शहर, अलग-अलग नियम

स्थिति यह है कि कुछ वार्डों में सुबह पानी दिया जा रहा है जबकि कई वार्डों में दोपहर की बेसमय सप्लाई। यह असमानता नागरिकों में असंतोष और अविश्वास को जन्म दे रही है। जल संरक्षण की बात करने वाली योजना में पानी सड़कों पर क्यों बह रहा है? महिलाओं की दिनचर्या को ध्यान में रखकर समय तय क्यों नहीं? शिकायत का स्पष्ट तंत्र क्यों नहीं बनाया गया? नगरवासियों की मांग है कि जल आपूर्ति का समय सुबह या शाम तय किया जाए शिकायत के लिए स्पष्ट हेल्पलाइन/कार्यालय तय हो और हर घर जल योजना को कागज़ी नहीं, व्यवहारिक रूप में लागू किया जाए।

## ग्राम डुहिक्या में 3 एकड़ भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

### एसडीएम ने कहा सरकारी जमीनों की तलाश प्रशासन कर रहा है



**ओंकारेश्वर (निप्र)।** ओंकारेश्वर की भौगोलिक स्थिति बहुत अलग है बढ़ते क्राउड को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर एवं आसपास सरकारी जमीन प्रशासन तलाश कर अतिक्रमण मुक्त कर रहा है जिससे श्रद्धालुओं के उपयोग में लाई जा सके पंकज वर्मा

पुनासा एसडीएम ने पत्रकारों से चर्चा में कहां नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुहिक्या में 3 एकड़ भूमि भूखंड क्रमांक 03 रकबा 14 .630 हेक्टेयर नजूल भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आवंटित किए जाने के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजना के उपयोग में भूमि को लाया जाएगा साथ ही सिहस्थ 2028 की तैयारी को लेकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक मनोज राय के निर्देश पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकरओंकारेश्वर में और भी सरकारी जमीन तलाशी जा रही है ऐसी भूमि जो लोकहित में काम आ सके उसे पर काबिज अतिक्रमण कार्ताओ को विधिवत्त सूचना पत्र देकर हटाया जाएगा सरकारी भूमि को कब्जा करने वालों की सूची तैयार की जा रही है ऐसे अतिक्रमण कर्ता नहीं मानेंगे तो उन पर वैधानिक कार्रवाई होगी

**ग्राम डुहिक्या में खेती कर रहे** – पंडित निलेश पुरोहित ने बताया कि वर्षो पूर्व मैं जमीन ग्राम डुहिकया में खरीदी थी मुझे बाद में ज्ञात हुआ कि मेरी भूमि के पास लगभग तीन एकड़ जमीन सरकारी है मैंने प्रशासन को कहा जनहित में अगर जमीन चाहिए तो मैं तुरंत खाली कर दूंगा जमीन पर फसल बोने का उद्देश्य दूसरे लोग सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं करें मुझे मीडिया ने भू माफिया कब बना दिया मुझे पता नहीं मेरे द्वारा कोई अनाधिकृत कब्जे नहीं किए।





## एसडीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्था बिगाड़ रहे टेंपो चालक पर हुई कार्यवाही

**ओंकारेश्वर (निप्र)।** ओंकारेश्वर पहुंचे पुनासा एसडीएम पंकज वर्मा ने बैठक के बाद राजस्व . नगर परिषद की टीम के साथ स्वः लोकेंद्र सिंह बस स्टैंड का निरीक्षण किया बार-बार समझाने के बाद भी यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे टेंपू चालक को एवं गंदगी कर रहे दुकानदारों को समझाइए देते हुए सीएमओ को सख्त निर्देश दिए की लापरवाही करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें साथी निकाय के नीचे चल रही रंगीई पुताई बस सफाई का निरीक्षण भी किया

राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने बताया की पंकज वर्मा (ब्लूस) , (राजस्व) अनुभाग पुनासा, एवं श्रीमती मोनिका पारधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर तथा निकाय के कर्मचारियों द्वारा पी-1 बस स्टेण्ड पर यातायात व्यवस्था तथा सफाई निरीक्षण के द्वौरान अनाधिकृत तरीके से खडे टेंपो जो कि हरकचंद पिता बालकराम चौहान ग्राम कोठी के द्वारा अवैध रूप से बिना नंबर प्लेट के तीन पहिया वाहन (टेंपो) संचालन करते पाया गया। उक्त वाहन के उपर कोठी 55 एवं ओंकारेश्वर 285 टेंपो यूनियन के 02 स्टीकर लगे पाये। तथा जांच के द्वौरान वाहन चालक का ड्रायविंग लाईसेंस भी नही पाया गया। जिसका पंचनामा अनुविभागीय अधिकारी पुनासा के दिये गये निर्देशानुसार मौका स्थल पर बनाया जाकर टेंपो जप्त किया जाकर आगामी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी पुलिस थाना मांधाता को कार्यालयीन पत्र कमांक/699/राजस्व/2026 27 फरवरी से प्रेषित किया गया है। साथ ही बस स्टेण्ड पर खडे टेंपो चालक तथा बाहर से आने वाली बसों के ड्रायवरों को पी-1 बस स्टेण्ड पर स्वच्छता एवं निर्धारित स्थल पर वाहन खडे किये जाने की समझाईश दि गई। ततपश्चात भी इनके द्वारा बस स्टेण्ड की सफाई एवं अनाधिकृत तरीके से वाहन खडे पायें जाने पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित कि जावेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधित की रहेगी नगर परिषद सीएमओ मोनिका पारधी ने समस्त स्वच्छता मित्रो एवं अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही करने पर कार्रवाई की बात कहीं साथी अस्त व्यस्त खड़े टेंपो चालकों को भी हिदायतें दी उसके बावजूद भी नहीं मानने पर चलने कार्रवाई व पुलिस कार्रवाई अब तेज होगी

## ककस परिवार का फाग उत्सव आज



**खंडवा।** साहित्यकार परिवार कवि कला संगम (ककस) के कवियों एवं कलाकारों व्दारा फाग उत्सव 2026 के दौरान शनिवार 28 फरवरी को बहुरंगीय शब्दों की पिचकारी के माध्यम से उपस्थितों को रंग-बिरंगी रंगों से रंगा जायेगा। यह जानकारी देते हुए ककस प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस फाग उत्सव के संयोजक ओमप्रकाश चौरे एवं दीपक चाकरे चक्कर एवं सूत्रधार संस्थापक सुनील चौरे उपमन्यु है। श्री मंगवानी ने बताया कि यह आयोजन आज शाम 4:15 से 6:30 बजे तक आनन्द नगर आईटीआई के पीछे कर्मवीर सिटी फ़ार्म हाउस श्री खाटूश्याम जी मंदिर के सामने आयोजित होगा। सभी साहित्य प्रेमियों से ककस परिवार ने अपील की है कि अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को और भी रंगीन बनाये।



## अनूप कुमार व मधु मिहानी दम्पत्ति ने की देहदान की घोषणा

**खण्डवा।** नाकोड़ा नगर भंडारिया रोड़ निवासी अनूपकुमार मिहानी व पत्नी श्रीमती मधु मिहानी ने मरणोपरांत देहदान का घोषणा पत्र भरा। जानकारी देते हुए सक्षम संस्था के अध्यक्ष व लायन्स नेत्रदान देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति के संयोजक नारायण बाहेती व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि राधा स्वामी सम्प्रदाय व सक्षम संस्था, लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा, नेत्रदान-देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर मिहानी दम्पत्ति अनूपकुमार मिहानी व श्रीमती मधु मिहानी ने एक दूसरे के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर पुत्र शशिकांत, रविकांत ,पुत्री लीना व बहु श्रीमती सुरभि मिहानी की सहमति युक्त देहदान घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर समिति को सौंपा। यह समिति द्वारा भरा गया 167 वाँ देहदान घोषणा पत्र है। सक्षम खण्डवा के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घोषणा समाज में बढ़ती मानवीय चेतना का प्रमाण है। समिति के सहयोग से 22 देह मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द की जा चुकी हैं तथा 521 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान सफलतापूर्वक कराए गए हैं।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारी: सुखदेव मुनि गेट विस्तार पर मंथन, बैठक में रखा गया प्रस्ताव

**ओंकारेश्वर (ललित दुबे)।** ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर गर्भ ग्रह की स्थिति काफी छोटी है। कोरोना काल में सुखदेव मुनि गेट से श्रद्धालुओं को दूर से दर्शन कराने की व्यवस्था तत्कालीन जिला प्रशासन के निर्देश पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर पा रहे थे। आगामी सिंहस्थ 28 की तैयारी को लेकर जूना महल के पास निर्माण कार्य प्रशासन ने प्रारंभ किया है। इसको लेकर तत्कालीन पुनासा एसडीएम मुख्य कार्यपालिका अधिकारी शिवम प्रजापति द्वारा विस्तृत योजना बनाई गई थी, जिसमें उज्जैन महाकाल की तर्ज पर ओंकारेश्वर में बिना भीड़ के एक साथ सैकड़ों लोग दर्शन कर सके। इस योजना को आगे बढ़ते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर पुनः एसडीएम पंकज वर्मा द्वारा कंट्रोल रूम मांधाता में संत समाज, जनप्रतिनिधि, मीडिया, गणमान्य नागरिकों की बैठक में



प्रस्ताव फिर रखा गया तथा सुखदेव मुनि गेट को थोड़ा बड़ा कर प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी है। बैठक में सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए।

तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में सिंहस्थ 2028 को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुखदेव मुनि गेट के विस्तारीकरण की योजना बनाई है हमने पुलिस कंट्रोल रूम ओंकारेश्वर में बैठक लेकर आपसी चर्चा में संत समाज, जनप्रतिनिधि, मीडिया एवं गणमान्य नागरिकों की सहमति ले ली है हमने इस योजना पर पूरा होमवर्क कर लिया है एवं आर्किटेक्ट पिछले 1 वर्ष से मंदिर के गर्भ ग्रह विस्तारीकरण पर काम कर रहे थे जो कि आप जल्द ही धरातल पर अंतिम रूप लेगा। हम बाहर चाहे जितनी भी व्यवस्थाएं कर ले लेकिन जब तक मंदिर के गर्भ ग्रह में सुधार नहीं किया जाएगा तब तक ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाएगा इसलिए अब हमने इस पर पहल की है।

**– आईएएस पंकज वर्मा एसडीएम, पुनासा**

एसडीएम पंकज वर्मा ने शुक्रवार पुलिस कंट्रोल रूम मे ओंकारेश्वर मंदिर गर्भगृह में स्थित सुखदेव मुनि गेट के विस्तारीकरण पर सभी की बैठक ली जिसमें सुखदेव मुनि गेट के इशारे कारण पर चर्चा हुई और मंदिर का विस्तार होना चाहिए इसमें संत समाज ,नगर वासी जनप्रतिनिधि सभी का सहयोग प्रशासन को मिलेगा।

**– महंत,मंगलदास त्यागी महाराज अध्यक्ष,षट्दर्शन,संत मंडल, ओंकारेश्वर**

हम पिछले एक वर्ष से मंदिर विस्तार को लेकर प्रोजेक्ट तैयार कर रहे थे जो कि आप फाइनल हो चुका है हमने लगभग तीस लाख रुपए अनुमानित बजट प्रशासन को बताया है अब जल्द ही प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद सुखदेव मुनि गेट विस्तारीकरण का कार्य प्रारंभ होगा।

**– ऋतुराज भारती,एक्सपर्ट, हैरिटेज बिल्डिंग**


**NOTICE PUBLIC**

ISUNEETABAEE W/O MOHANLAL ARYA R/O SURAJKUND SN COLLEGE KE SAMNE KHANDWA DISTT KHANDWA MP 450001, DECLARE THAT PREVIOUSLY I WAS KNOWN AS SHARMILA BAI ARYA W/O MOHANLAL ARYA. NOW I HAVE CHANGED MY NAME AS SUNEETABAEE W/O MOHANLAL ARYA KINDLY READ MY NAME AS SUNEETABAEE W/O MOHANLAL ARYA INSTEAD OF SHARMILA BAI ARYA W/O MOHANLAL ARYA IN MY ALL DOCUMENTS.

**SUNEETABAEE W/O MOHANLAL ARYA**